प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

......................................................

शिक्षक निलंबित

शिक्षा विभाग ने प्रदेश सरकार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने पर चार पदाधिकारियों समेत छह शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रारंभिक शिक्षा और उच्च शिक्षा निदेशालय को एक निदेशालय बनाने के सरकार के फैसले के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश मिलने के बाद शिक्षकों ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है।

......................................................

हरोली उत्सव

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव आज से शुरू हो रहा है। कांगड़ मैदान आयोजित किए जा रहे इस तीन दिवसीय उत्सव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल उत्सव का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

......................................................

पीएम आवास योजना

पीएम शहरी आवास योजना के तहत शिमला शहर में पांच सौ मकान बनाए जाएंगे। राजधानी के ढली में ये आवास तैयार किए जाएंगे। नगर निगम के मासिक सदन में इसका

प्रस्ताव रखा गया था जिसे मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश सरकार तथा बाद में केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि इस योजना के लिए केंद्र सरकार से पीएम शहरी आवास योजना से बजट लिया जाएगा।

.................................................

अवैध डंपिंग

चम्बा में सड़क किनारे व नदी नालों में अवैध डपिंग साइट बनाकर कूड़ा–कचरा व मलबा फैंकने पर जिला परिषद चम्बा की अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने आपत्ति जताई है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि रात के अंधेरे में कूड़ा निष्पादन का काम संभाले ठेकेदारों की गाड़ियां सड़क किनारे सारी गंदगी फेंक रही हैं। मुख्य रूप से चम्बा–भरमौर एन.एच. पर करियां नामक जगह पर और चम्बा–पठानकोट एन.एच. पर परेल में यह कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से इस पर कड़ी कारवाई की मांग की है।

.................................................

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...............

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

- पंजाब केसरी के शब्द हैं–हिमाचल में अनुबंध व अस्थायी भर्तियों पर फिलहाल रोक।
- अमर उजाला का शीर्षक है–प्रदेश सरकार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने पर चार शिक्षक निलंबित। दैनिक जागरण के शब्द है–पी.टी.एफ. अध्यक्ष समेत 6 शिक्षक निलंबित।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है–5 मई को 5 दिन के दौरे पर शिमला पहुंचेगी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, अटल टनल भी जाएंगी।
- दिव्य हिमाचल की एक खबर है–6 साल बाद फिर कैलाश मानसरोवर यात्रा– 30 जून से 25 अगस्त के बीच होगी, उत्तराखंड–सिक्किम के रास्ते जाएंगे श्रद्धालु।
- मौसम पर हिमाचल दस्तक का शीर्षक है– प्रचंड गर्मी पारा चढ़ने से प्रदेश में आग उगलने लगी सूरज की किरणें–40 डिग्री तक पहुंचा ऊना और पावंटा का तापमान। आपका फैसला के शब्द हैं–हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश–बर्फबारी के आसार।

.................................................